RAF SECTOR
NEWS CLIP
23/11/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar,Bokaro(JKD)

चंद्रपुरा और तेलो में रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

चंद्रपुरा. भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को चंद्रपुरा व तेलो में रैपिड एक्शन फोर्स ने फ्लैग मार्च किया. 106 बटालियन जमशेदपुर के डिप्टी कमांडेंट राकेश कुमार, इंस्पेक्टर सुधीर सुरीन व थाना प्रभारी नूतन मोदी के नेतृत्व में मार्च निकाला गया. इस दौरान लोगों से चुनाव में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने की अपील की गयी. कहा : किसी के बहकावे में न आयें. मार्च के बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर मतदान के लिए प्रेरित किया गया.

Dainik Jagran,Bokaro(JKD)

पुलिस आपकी सुरक्षा में निर्भीक होकर डालें वोट

सुरही गांव में चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च करते पुलिस फोर्स • जागरण

चुनाव की तैयारी

संवाद सहयोगी, सुरही (बेरमो) : विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक व भयमुक्त वातावरण में कराने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (रैप) की 106 बटालियन के जवानों ने शुक्रवार को नावाडीह थाना क्षेत्र के सुरही व तेलो में फ्लैग मार्च किया। नेतृत्व रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट राकेश कुमार कर रहे थे। जवानों ने सुरही के बखरीटोला, ईदगाह मुहल्ला, शिवपुरी मुहल्ला, हरिजन टोला, मड़ईटोला आदि में फ्लैग मार्च किया। जवानों की वेश-भूषा व साजो सामान देखकर ग्रामीण अभिभूत हुए, वहीं अराजक तत्वों में दहशत का माहौल देखा गया। फ्लैग मार्च के बाद सुरही के बाजारटांड़ में ग्रामीणों के संग कमांडेंट ने बैठक कर लोगों से चुनाव के दौरान शांति व सौहार्द का माहौल बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता भयमुक्त व निर्भीक होकर स्वविवेक से बिना किसी दबाव व लोभ-लालच के मतदान करें। पुलिस फोर्स जनता को सुरक्षा मुहैया कराने को तत्पर है।

बेरमो अंचल के पुलिस निरीक्षक सुधीर सुरीन ने लोगों को मतदान करने को प्रेरित किया। कहा कि सशक्त सरकार निर्माण करने को एक-एक मतदान बहुमूल्य है। यहां नावाडीह थाना प्रभारी अनिल उरांव, प्रशिक्षु अवर निरीक्षक सुनील पांडेय, सहायक अवर निरीक्षक कमलेश सिंह व गणेश पासवान सहित उपप्रमुख विश्वनाथ महतो के अलावा नियामुद्दीन अंसारी, अविनाश गुप्ता, इजराईल अंसारी, शम्सजहां अंसारी, अजमुल अंसारी, परवेज आलम, निर्मल गुप्ता, राजकुमार, नरेश गुप्ता, मुकेश साव, सुनील प्रजापति, डालो साव आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

Dainik Bhaskar,Bokaro(JKD)

भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव का दिलाया गया भरोसा

चंद्रपुरा में रैपिड एक्शन फोर्स व पुलिस के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

भास्कर न्यूज | चंद्रपुरा/तेलो

चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के तेलो, नर्रा समेत पूरे इलाके में रैपिड एक्शन फोर्स की 106वीं बटालियन जमशेदपुर एवं चंद्रपुरा पुलिस के जवानों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। उप कमांडेंट राकेश कुमार की अध्यक्षता में परिचयात्मक अभ्यास के तहत निकाले गए इस फ्लैग मार्च में बेरमो सर्किल इंस्पेक्टर सुधीर सुरीन, थाना प्रभारी चंद्रपुरा नूतन मोदी, गुलशन कुमार सिंह, सुमित तिर्की समेत कई पुलिस अधिकारियों के अलावा भारी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स के जवान शामिल रहे। इस दौरान उप कमांडेंट राकेश कुमार ने आमलोगों को सुरक्षित वातावरण में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराए जाने को लेकर आश्वस्त किया। साथ ही, लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील भी की। कहा कि प्रशासन जनता की की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। लोग किसी के बहकावे में न आए और न ही किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान दें। बेरमो सर्किल इंस्पेक्टर सुधीर सुरीन ने कहा चंद्रपुरा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए फ्लैग मार्च कराया जा रहा है। उन्होंने किसी भी अफवाह की स्थिति में सीधे पुलिस को सूचित किए जाने की अपील की। कहा कि पुलिस हर समय मदद करने को तैयार है। वहीं थाना प्रभारी नूतन मोदी ने कहा कि चंद्रपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी जगहों में फ्लैग मार्च किया गया है, ताकि लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े और वे लोग सीधे पुलिस से जुड़कर कार्य करें।

फ्लैग मार्च में शामिल अधिकारी व जवान।

इधर, विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नावाडीह थाना क्षेत्र के सुरही गांव में रैफ की 106वीं बटालियन जमशेदपुर के डिप्टी कमांडेंट राकेश कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ एक बैठक कर भयमुक्त वातावरण में मतदान करने का संदेश दिया गया। उप कमांडेंट ने ग्रामीणों से बेखौफ हो अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा क्षेत्र में सौहार्द व आपसी भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया। मौके पर बेरमो के सर्किल इंस्पेक्टर सुधीर सुरीन और नावाडीह थाना प्रभारी के अलावा रैपिड एक्शन फोर्स के कई जवान मौजूद रहे।

Kheda Anand,Ahmedabad (Gujarat)

ખેડામાં પોલીસ, આર.એ.એફ.ની ફલેગમાર્ચ યોજાઇ

ખેડા : જિલ્લામાં સમય અંતરે રેપીડ એક્શન ફોર્સ દ્વારા વિવિધ વિસ્તારોની મુલકાત લેતા હોય છે.પોલીસ અને આર.એ.એફ.ફલેગ
માર્ચ અંતર્ગત જે તે વિસ્તારની પરીસ્થીતીથી વાકેફ થતા હોય છે.ગુરુવારે ખેડા ટાઉન વિસ્તારમાં સ્થાનીક પોલીસના સીની પી.એસ.
આઇ અસારી અને તેમના સ્ટાફના માણસો,રેપીડ એક્શન ફોર્સના જવાનોએ સયુક્ત ફલેગમાર્ચ નગરના ટાઉન પોલીસ સ્ટેશનથી
શરૂ કરીને લાલ દરવાજા,ભદ્રકાળી મંદિર,ગાંધીચોક,ચોક્સી બજાર થઇને પરા દરવાજા સરદાર ચોક.હાઇવે ચાર રસ્તાથી પરત
ટાઉન પોલીસ સ્ટેશને પુર્ણ જાહેર કરી હતી.

ફોટો । રિગ્નેશ સુતરિયા

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।